हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
सोमवार, 25 अगस्त 2014, नगर/नोएडा, पांच प्रदेश, 18 संस्करण
www.livehindustan.com

# शिल्पी मारवाह ने 'रामकली' को किया जीवंत

ग्रेटर नोएडा | वरिष्ठ संवाददाता

## आयोजन

- बिमटेक में अस्मिता ग्रुप ने किया रामकली नाटक का मंचन
- बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी के दस वर्ष पूरे

शहर में बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी के दस वर्ष पूरे होने चल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम में शनिवार रात दिल्ली के अस्मिता थिएटर ग्रुप ने प्रसिद्ध नाटक रामकली का मंचन किया। रामकली का पात्र शिल्पी मारवाह ने निभाया। इस दौरान शिल्पी की एक्टिंग ने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। शिल्पी हिंदी फिल्म रांझना में अभय देओल की बहन के रोल में थीं।

रामकली के निर्देशक अरविंद गौड़ ने कहा कि ये नाटक दिखाता है कि किस तरह समाज में बहुत सारे लोग अपनी दिक्कतों से लड़ते हुए भी दूसरों की मदद करते हैं। महंगाई, भ्रष्टाचार, अपराध और वेश्यावृत्ति जैसी सामाजिक समस्याओं पर भी प्रकाश डालता है। नाटक का अंत प्रसादांत है। रामकली दर्शकों के ऊपर इन दिक्कतों का समाधान तलाशने की जिम्मेदारी छोड़ देती है। अंत में देवता भी रामकली की पीड़ा और दिक्कतों का समाधान नहीं कर पाते। नाटक का नायक राजू सक्सेना है। यह पात्र हिमांशु मग्गू ने निभाया। शिल्पी मारवाह ने रामकली के साथ ही उसके चचेरे भाई रामलाल का पात्र भी डबल रोल में अदा किया। बिमटेक के निदेशक डॉ. हरिवंश चतुर्वेदी ने कहा इस आयोजन का मकसद छात्रों को सामाजिक समस्याओं से अवगत करवाना और इनका निदान तलाशने के लिए प्रेरित करना है।



ग्रेटर नोएडा के बिमटेक में शनिवार रात को नाट्य मंचन करते कलाकार। • हिन्दुस्तान